Order of 1986 will be invoked only in well defined emergency situation. Domestic futures trading would be resumed in respect of ginned and baled cotton.

डेयरी उद्योग की स्थापना हेतु प्रोत्साहन

2124. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या **पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार डेयरी उद्योग की स्थापना हेतु कोई प्रोत्साहन देती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान दिए गए प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या त्रिपुरा सहित पिछड़े क्षेत्रों में डेयरी उद्योग की स्थापना हेतु आवेदकों को प्रोत्साहित करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है?

पशुपालन और डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (श्री रघुवंश प्रसाद सिंह): (क) और (ख) सरकार गैर-ऑपरेशन फ्लड, पर्वतीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में केन्द्रीय क्षेत्र को योजना स्कीम की एकीकृत डेयरी विकास परियोजना के तहत सहकारी समितियों को डेयरी विकास के लिए सहायता प्रदान करती है। विभिन्न राज्यों को 1993-94, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान जारी की गई राशि के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। नीचे देखिए

(ग) और (घ) कोई प्रस्ताव लम्बित नहीं हैं। जहां तक त्रिपुरा का सवाल है, 1993-94 तथा 1994-95 में राज्य के लिए 625 लाख रुपये के कुल निवेश के साथ दो परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई थी जिसमें सभी जिले शमिल हैं।

विवरण

गैर-ऑपरेशन फ्लड, पर्वतीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में एकीकृत डेयरी विकास परियोजना नामक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना स्कीम के अंतर्गत 1993-94, 1994-1995 तथा 1995-96 के दौरान विभिन्न राज्यों को जारी की गई धनराशि का विवरण।

(लाख रुपये में)

क्र० सं०	राज्य	अनुमोदन वर्ष	1993-94 में जारी की गई राशि	1994-95 में जारी की गई राशि	1995-96 में जारी की गई राशि
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1995-96	0.00	0.00	91.00
2.	आंध्र प्रदेश	1995-96	0.00	0.00	250.00
3.	अरूणाचल प्रदेश	1993-94	100.00	150.00	0.00
4.	असम	1994-95	0.00	400.00	0.00
5.	बिहार-1	1994-95	0.00	75.00	0.00
	बिहार-2	1995-96	0.00	0.00	150.00
6.	गुजरात	1993-94	150.00	0.00	150.00
7.	हरियाणा	1995-96	0.00	0.00	15.00
8.	जम्मू व कश्मीर-जम्मू	1995-96	0.00	0.00	75.00
9.	मध्य प्रदेश-1,2 व 3	1993-94	225.00	290.00	150.00
	मध्य प्रदेश-4	1995-96	0.00	0.00	163.00
10.	महाराष्ट्र	1995-96	0.00	0.00	200.00
11.	मणिपुर	1993-94	25.00	100.00	0.00
12.	मेघालय	1994-95	0.00	75.00	0.00

(लाख रुपये में)

क्र० सं०	राज्य	अनुमोदन वर्ष	1993-94 में जारी की गई राशि	1994-95 में जारी की गई राशि	1995-96 में जारी की गई राशि
13.	मिजोरम-1	1993-94	100.00	146.00	0.00
	मजोरम-2	1995-96	0.00	0.00	75.00
14.	नागालैण्ड	1993-94	100.00	150.00	0.00
15.	उड़ीसा-1	1993-94	50.00	142.00	300.00
	उड़ीसा-2	1994-95	0.00	150.00	100.00
16.	सिक्किम-1 एवं 2	1993-94	125.00	200.00	0.00
17.	तमिलनाडु	1995-96	0.00	0.00	150.00
18.	त्रिपुरा-1	1993-94	25.00	100.00	100.00
	त्रिपुरा-2	1994-95	0.00	113.00	0.00
19.	उत्तर प्रदेश 1,2 व 3	1993-94	190.00	200.00	310.00
20.	पश्चिम बंगाल	1994-95	0.00	200.00	150.00
	कुल:		1090-00	2491.00	2504.00

मध्य प्रदेश में स्थित उर्वरक संयंत्र

2125. **श्री अजीत जोगी:** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में आज तक स्थित उर्वरक संयंत्रों का ब्यौरा क्या है और क्या ये संयंत्र राज्य के स्वामित्व में हैं अथवा केंद्र के स्वामित्व में;

(ख) राज्य में मुख्यतः किन-किन उर्वरकों का उत्पादन किया जा रहा है;

(ग) मध्य प्रदेश में केंद्रीय सहायता से स्थापित किए जाने वाले नए उर्वरक संयंत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) कोयले पर आधारित उर्वरक तैयार करने के लिए "कोरबा" संयंत्र को चालू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला): (क) तथा (ख) वांछित सूचना निम्न तालिका में दी गई है:

क्र०सं०	कम्पनी/संयंत्र का नाम	उत्पाद	स्थापित क्षमता (000 मी० टन)	स्वामित्व
1.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लि०, विजयपुर (एनएफएल), गूना	यूरिया	728.0	केंद्र सरकार
2.	मील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि०, भिलाई	ए/एस (उप-उत्पाद)	32.5	केंद्र सरकार
3.	भिलाई इंजीनियरिंग कार्पो० बिलासपुर	एसएसपी	66.0	निजी
4.	धर्मजी मोरारजी कैमिकल्स कम्पनी, कुम्हारी	एसएसपी	212.0	निजी
5.	ग्रास्तिक कैमिकल्स एण्ड फर्टि० इन्दौर	एसएसपी	33.0	निजी